आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 03.10.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्यौहारी सीजन के मद्देनजर प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद अपनाने का आह्वान किया।
- गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों से हर वर्ष कम से कम पांच—पांच हज़ार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की।
- त्योहारी सीजन में मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन का राज्यभर में विशेष अभियान जारी। मुख्यमंत्री ने कहा— मिलावटखोरों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- दशहरा और विजय दशमी का पर्व प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया।
- "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत प्रदेशभर में 21 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

स्वदेशी अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद अपनाने और त्योहारों पर विशेष रूप से खादी व स्थानीय वस्तुओं की खरीदारी करने का आह्वान किया है। कल गांधी जयंती पर देहरादून के चकराता रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन से खरीदारी कर श्री धामी ने स्वदेशी अभियान को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की पहचान और महात्मा गांधी के स्वदेशी विचारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि "वोकल फॉर लोकल" अभियान आज जनआंदोलन बन चुका है।

श्री धामी ने खादी और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद पर जोर देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में उत्तराखंड खादी और स्वदेशी उत्पादों का बड़ा केंद्र बनेगा और राज्य की पहचान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी।

खादी उत्पाद

गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों से हर वर्ष कम से कम पाँच –पांच हज़ार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की है। नई दिल्ली में कल खादी उत्पादों पर देशव्यापी छूट सेल का शुभारंभ करने के बाद श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से स्वदेशी के विचार को और बढ़ावा दिया है।

मिलावट पर रोक

त्योहारी सीजन में मिलावट पर रोक लगाने के लिए खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने राज्यभर में विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर नवरात्रों में पहले चरण की सफलता के बाद अब दीपावली को देखते हुए इस अभियान का दूसरा चरण चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत मिठाई प्रतिष्ठानों, डेयरी उत्पाद विक्रेताओं, मिष्ठान भंडारों, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण व बिक्री स्थलों पर सघन सैंपलिंग और निरीक्षण जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर घर की थाली शुद्ध रहे और हर परिवार की खुशियाँ सुरक्षित रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। त्योहारों में मिठाई और डेयरी उत्पादों में मिलावट की शिकायतें आती हैं, जिन्हें किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में गठित टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। यात्रा मार्गों पर मोबाइल वैनों से सैंपलिंग की जा रही है और दोषियों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्यालय स्तर से अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है।

बाइक रैली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर राज्य में वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ किया। यह रैली घंटाघर, परेड ग्राउंड और सर्वे चौक से होते हुए मालसी जू तक पहुँची और वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह की थीम "मानव–वन्यजीव सह–अस्तित्व" रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन और वन्यजीव हमारे पारिस्थितिक तंत्र के महत्वपूर्ण अंग हैं। मानव और वन्यजीव के बीच सह–अस्तित्व ही प्रकृति की स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण की कुंजी है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे वन्यजीव संरक्षण के अभियान में सक्रिय भागीदारी करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

गौरतलब है कि वन्यजीव सप्ताह के तहत 2 से 8 अक्टूबर तक दून पुस्तकालय और शोध केंद्र में फोटोग्राफी प्रदर्शनी लगाई गई है। आज ''देहरादून जू'' में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित होगा।

दशहरा

दशहरा और विजय दशमी का पर्व प्रदेशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजयदशमी के अवसर पर कल शाम देहरादून के परेड मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव और रावण दहन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा केवल त्योहार नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और मर्यादा के महत्व का बोध कराने वाला पर्व है। यह हमें सिखाता है कि अधर्म और अहंकार कितना भी बड़ा क्यों न हो, अंत में उसकी हार निश्चित है।

श्री धामी ने जीएसटी से जुड़े केंद्र सरकार के हालिया निर्णय को दीपावली से पहले व्यापारियों और उपभोक्ताओं के लिए तोहफा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसलों से व्यापारियों को राहत और उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोग एकजुट होकर प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने में योगदान दें, ताकि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड पूरे देश और विश्व के लिए आदर्श राज्य बन सके।

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड की ओर से चलाए जा रहे "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत अब तक प्रदेशभर में 21 हजार 268 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। इन शिविरों में लगभग तेरह लाख पचास हजार लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

इनमें हाई बीपी, डायबिटीज, कैंसर, टीबी सहित अन्य रोगों की जांच और परामर्श शामिल हैं। इस दौरान 87 हजार 954 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई, 11 हजार 786 आयुष्मान कार्ड बने, और 67 हजार 807 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है और इस अभियान को जनता का व्यापक सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर नारी स्वस्थ हो और हर परिवार सशक्त बने, इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि यह अभियान गंभीर बीमारियों की जांच और रोकथाम के लिए मील का पत्थर है, विशेषकर महिला और बाल स्वास्थ्य को इसका केंद्रबिंदु बनाया गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि विभागीय टीमें लगातार सक्रिय रहकर जनता को मुफ्त जांच, परामर्श और उपचार उपलब्ध करा रही हैं।

स्वास्थ्य शिविर

मेडिकल कॉलेज श्रीनगर गढ़वाल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में कार्यरत सभी कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि शिविर का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ परिवार के निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त करना है।

मोटर मार्ग सुधारीकरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर चंपावत जिले के लोहाघाट के धौनी–सीलिंग मोटर मार्ग सुधारीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। अधिशासी अभियंता लोहाघाट हितेश कांडपाल ने बताया कि मोटरमार्ग में सभी आवश्यक आधारभूत कार्य पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब मुख्य कार्य डामरीकरण पर केंद्रित किया जा रहा है और यह कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। श्री कांडपाल ने बताया कि सड़क में सुधार कार्य के पूरे होने के बाद क्षेत्रवासियों को यातायात में सहजता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता

स्वाथ्य मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में पैरामेडिकल खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में टीम भावना, अनुशासन और रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया।